

# एक्शन में विधायक : नदी-नालों को करायें अतिक्रमण मुक्त

## अतिक्रमण से बारिश में कालोनियों में जलभराव की समस्या के निदान के लिए सीधी विधायक ने कलेक्टर को लिखा पत्र



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 सितम्बर। लगातार बारिश के बाद बढ़ी परेशानियों को लेकर एक्शन में सीधी विधायक हैं। उनके द्वारा नदी-नालों को अतिक्रमण मुक्त कराने पहल की गई है। अतिक्रमण से बारिश में कालोनियों में जलभराव की समस्या के निदान हेतु सीधी विधायक ने कलेक्टर को पत्र लिखा है।**

लगातार बारिश के बाद सीधी शहर में नदी-नालों के किनारे बने घरों में जल भराव की समस्या को सीधी विधायक रीती पाठक ने काफी गंभीरता से लिया है। जल भराव से लोगों को हुई परेशानियों की जानकारी सामने आने के बाद सीधी विधायक रीती पाठक ने स्वयं मौके पर भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान सामने आया कि हिरन नदी के किनारे अतिक्रमण कर काफी संख्या में मकानों का निर्माण हो चुका है। लिहाजा जल निकासी के लिए यहां कोई स्थल ही मौजूद नहीं है। भ्रमण के दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों से भी चर्चा कर जल भराव के दौरान हुई परेशानियों की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि लगातार बारिश के चलते हाल ही में हिरन नदी क्षेत्र के दर्जनों घरों में पानी रात करीब 11 बजे घुस गया था। स्थिति यह थी कि मकानों के अंदर घुटने से ऊपर पानी आ जाने के कारण लोगों को पूरी रात जागरण करना पड़ा। जल भराव से घरों में मौजूद काफी सामग्रियां भी नष्ट हो गईं। जल भराव की उक्त समस्या को सीधी विधायक ने काफी गंभीरता से लेते हुए आज कलेक्टर विकास मिश्रा को पत्र लिखा। लिखे गए पत्र क्रमांक 1520 में विधायक ने नालों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि उनके द्वारा पूर्व में भी पत्र क्र. 1294, दिनांक 20 अप्रैल 2026 के माध्यम से अतिक्रमण के संबंध में पत्राचार किया गया था।

### सिवेज सिस्टम निर्माण के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने सीधी शहर के सिवेज सिस्टम को लेकर भी कलेक्टर को आज पत्र क्रमांक 1524 लिखा है। पत्र में कहा गया है कि नगर पालिका सीधी को मिनी स्मार्ट सिटी का दर्जा प्राप्त है किन्तु सिवेज सिस्टम न होने के कारण नगर में अतिवृष्टि के कारण जल भराव की स्थिति बन जाती है। जिससे नगर वासियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विगत दिनों सिवेज सिस्टम निर्माण के प्लान हेतु बाहर से टीम आई थी। जिसके प्रक्रिया की स्थिति कहां तक पहुंची इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। पत्र में कहा गया है कि उक्त विषय को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका सीधी अंतर्गत सिवेज सिस्टम का निर्माण यथाशीघ्र कराए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जावे।

# पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने शिक्षकों का किया सम्मान

## शिक्षक दिवस पर चमरौहा में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित




नवभारत न्यूज

**सीधी 5 सितम्बर। भारत रत्न एवं महान शिक्षाविद् पूर्व राष्ट्रपति डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती एवं शिक्षक दिवस के अवसर पर आज शनिवार 5 सितम्बर को दीप रिसॉर्ट चमरौहा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल रहे। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सेवानिवृत्त एवं कार्यरत शिक्षकों का सम्मान कर शिक्षा और समाज निर्माण में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर कमलेश्वर पटेल ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा देने का कार्य नहीं करते बल्कि वे समाज को दिशा देने और राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जीवन हमें शिक्षा, ज्ञान और शिक्षक के महत्व का संदेश देता है। उन्होंने क्षेत्र के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राध्यापक श्रीकमल शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक रावेंद्र बहादुर सिंह चौहान, सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश त्रिपाठी एवं सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी उदयभान पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन सुग्रीव ग्रामीण सद्भावना समितिए सुपेला द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष श्रीमान सिंह ने अतिथियों एवं उपस्थित शिक्षकों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

# शिक्षक के हाथों में सृजन और प्रलय दोनों पलते हैं : विजय



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 सितम्बर। सरस्वती उच्च. माध्य. विद्यालय मड़रिया सीधी में आज सरस्वती शिक्षा परिषद् सीधी के जिला सचिव विजय सिंह परिहार एवं व्यवस्थापक द्वारिका प्रसाद गुप्त के मार्गदर्शन में विद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह उल्लास पूर्वक मनाया गया।**

जिसमें सीधी जिले के सभी सरस्वती विद्यालयों के आचार्यों को श्रीफल व गणवेश देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार सिंह, प्रधानाचार्य राम शिरोमणि शर्मा, सुभाष नगर प्रधानाचार्य मनोज शर्मा एवं प्रभारी प्राचार्य दिनेश प्रसाद, कोटहा विद्यालय प्रधानाचार्य दिनेश तिवारी उपस्थित रहे। प्राचार्य ने कार्यक्रम के प्रस्तावना में कहा कि शिक्षक शिक्षा से बना है व शिक्षा सीखने से बना है अर्थात हम जीवन भर सीखते रहते हैं और वही अपने भैया बहनों को सिखाते हैं। अपने आचरण से सीखने के कारण हम आचार्य कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक के हाथों में सृजन और प्रलय दोनों पलते हैं। हमको बच्चों को बच्चा बनकर उन्हें सिखाना चाहिए, वह जिस किसी भी माध्यम से सीख सकें, हमें प्रयत्न करना चाहिए। इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य, दीदियां छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर भक्तिरस में डूबा गोपालदास मंदिर, विधायक ने कलाकारों का किया स्वागत




नवभारत न्यूज

**सीधी 5 सितम्बर। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा गोपालदास मंदिर आश्रम स्थित राम मंदिर में भव्य भजन संध्या एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं कलेक्टर की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन में भारी तादात में श्रद्धालु एवं संगीतप्रेमी उपस्थित रहे और देर रात तक भक्ति संगीत का आनंद लिया।**

इस अवसर पर सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने भजन संध्या में प्रस्तुति देने वाले कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। वहीं रोशनी प्रसाद मिश्र एवं कार्यक्रम संयोजक विभु आदर्श मिश्र ने पुष्पगुच्छ भेंट कर विधायक जी का आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों एवं कलाकारों ने मंदिर में भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर के पुजारी का आशीर्वाद लेते हुए पुजारी जी के चरण स्पर्श भी किए गए। मंच संचालन के दौरान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेशों को भी रेखांकित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विश्वबंधुधर द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, पुष्पराज सिंह, हीरालाल सिंह चंदेल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, कला एवं संस्कृति प्रेमी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रीकृष्ण जन्म के शुभ क्षण के नजदीक आते ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया। जन्मोत्सव के साथ ही पूरा परिसर श्रीकृष्ण के जयघोष एवं नंद के घर आनंद भयो के स्वरों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान बाल गोपाल के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

### इन कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति

भजन संध्या में गायक आदर्श मिश्र एवं गायिका मनीषा दुबे ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को कृष्णमय कर दिया। दोनों कलाकारों ने भक्ति गीतों एवं श्रीकृष्ण के भजनों की प्रभावी प्रस्तुतियां दीं, जिन पर श्रद्धालु भक्तिभाव में झूमते नजर आए। संगीत संगत में तबला वादक हिमांशु उर्मलिया, परकुशन पर विकाश पाण्डेय एवं कीबोर्ड पर सुमित मौर्य ने शानदार संगत प्रदान की। कलाकारों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। कार्यक्रम का मंच संचालन रोशनी प्रसाद मिश्र ने किया, जबकि कार्यक्रम संयोजक विभु आदर्श मिश्र रहे।

# मां-बाप के आशीर्वाद से सब सम्भव है : बांके बिहारी



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 सितम्बर। गायत्री मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के प्रवक्ता पंडित बांके बिहारी शास्त्री महाराज वार्षिक महोत्सव में यजवान के रूप में हरिहर सोनी एवं श्रीमती गीता वर्मा रहे।**

कथा में मनु के पुत्रों का वर्णन करते नाभाग की कथा का वर्णन शुक देव जी कहते हैं। परीक्षित मनु पुत्र नभाग का पुत्र था नाभाग! सारी सम्पत्ति भाइयों ने बांट ली और जब नाभाग ने पूंछा भाई लोगो मेरी सम्पत्ति कहा है तो भाइयों ने कहा अरे नाभाग तेरे को तो भूल गये। सब वस्तुये भाइयों ने बांट ली बस एक चीज नही बांटी। क्या बोले ये बूढ़ा बाप किसी ने नहीं बांटा तू चाहे तो इसे ले ले इसे और आज का कोई बेटा होता ना महाराज तो कहता कुंए में गेर ऊपर गेर पत्थर मैन तो बाप की सम्पत्ति चाहिये। लेकिन नाभाग ने ऐसा नहीं कहा नाभाग बड़े खुश हुए। कहा चलो पिता जी। पिता जी ने कहा कहां चले बोला जहां ठाकुर जी की इच्छा। पिता ने कहा बेटा मेरी कमाई सम्पत्ति पर तुम्हारा भी बराबर का अधिकार है बेटा माँगो में तुम्हारे साथ हूं तुम्हें मिलेगा। तो नाभाग ने कहा मुझे धणी मिल गया तो धन कोई बड़ी चीज नहीं है। व्यास पीठ की पूजा में सिद्धार्थ सोनी, अवधेश सोनी, कैलाश सोनी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी कंधवार, रोहित गुप्ता चकड़ौर, राकेश जायसवाल सेमरिया, रोहित गुप्ता धनहा, राज किशोर पांडे खड्डी, किशन लाल विश्वकर्मा हिनौती, पत्रकार अजय मिश्रा, कमलेश्वर प्रसाद पांडे, एड.तुलसी पांडे, उमेश सोनी, मातृ शक्तियों में शारदा सिंह, छाया सिंह, गायत्री गुप्ता, ज्योति गुप्ता, बीना जायसवाल, रामवती मिश्रा, पिंकू सोनी, निशा गुप्ता, पूनम गुप्ता, सीता सोनी सहित सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु भक्तगण श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किये।

# शिक्षक दिवस पर धौंहनी विधायक ने शिक्षकों का किया सम्मान




नवभारत न्यूज

**कुसमी 5 सितम्बर। शिक्षक दिवस के अवसर पर जनजातीय कार्य विभाग सीधी के तत्वाधान में शा.उ.मा.वि. भदौरा में धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के मुख्य अतिथि, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.अनूप मिश्रा के विशिष्ट अतिथि, एकलव्य प्राचार्य रामपाल सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

मुख्य अतिथि विधायक श्री टेकाम द्वारा उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिक्षकों का शाल श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। धौहनी विधायक ने कहा कि डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कुसमी की शिक्षा व्यवस्था को लेकर कहा कि गर्व होता है कि आप शिक्षकों के ही कारण आज आदिवासी विकासखंड कुसमी का शिक्षा क्षेत्र का जो परीक्षा परिणाम है म.प्र. में पहला स्थान रहा है। शिक्षा के क्षेत्र मे जिन ऊंचाइयों तक कुसमी को पहुंचाया है आप धन्यवाद के पात्र हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि डॉ.अनूप मिश्रा ने कहा कि शिक्षक दिवस सृजन का दिन है। गुरु का मतलब इन्द्रियों और शुरू कराने से है। बच्चों को सजाने सवारने का काम गुरु ही करता है। उन्होंने आगाह किया कि अपने बच्चे को हांथ को मोबाइल पकड़ाने की बजाय किताब पकड़ाईये। कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम में राजकुमार तिवारी, शेषमणि मिश्रा, केके सिंह बघेल, बीआरसीसी अंगिरा प्रसाद द्विवेदी, बीईओ रविचंद दास, प्राचार्य द्वय बृजेश कुमार पनिका, राजकुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह, मनोज मिश्रा, विनीत शुक्ला, केएन मिश्रा, अशोक बैस, जेएन साकेत, अजीत सिंह, दिनेन्द्र सिंह, बीएल पनिका, ज्ञानचंद गुप्ता सहित शिक्षक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### श्रीगणेश स्कूल चुरहट में मनाया गया शिक्षक दिवस



**सीधी।** श्री गणेश स्कूल ऑफ एक्सीलेंस अमरपुर चुरहट में आज शिक्षक दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद् एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ .सर्वपल्ली राधाकृष्णन को स्मरण करते हुए अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया तथा उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान शिक्षकों ने सामूहिक रूप से केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया। छात्राओं ने शिक्षकों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं गतिविधियां आयोजित कीं, जिनमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य अंकित सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य के निर्माता होते हैं। वे शिक्षा और संस्कार प्रदान कर विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा दिखाते हैं। इस अवसर पर सत्याम द्विवेदी, गौरव सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा, अंकित सिंह, दुर्गेश अग्निहोत्री, संगीता गुप्ता, अरविंद पटेल, अजीत कुमार मिश्रा, आस्था तिवारी, अदिति दुबे एवं धर्मेंद्र खरे सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### वैश्य महासम्मेलन का संभागीय सम्मेलन आज

**सीधी।** वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश के तत्वाधान में संरक्षक उमाशंकर गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में 6 सितम्बर रविवार को सुबह 11 बजे जिला इकाई सीधी के रोली मेमोरियल में संभागीय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित है। जहां कार्यकारी अध्यक्ष संदेश जैन एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता की उपस्थिति में मुख्य इकाई महिला इकाई एवं युवा इकाई के सभी जिला कार्यकारिणी तहसील अध्यक्ष व प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्य संभाग के निवासरत प्रदेश व संभागीय पदाधिकारी एवं प्रदेश द्वारा निर्धारित 15 कार्यक्रमों के प्रभारी उपस्थित रहे।

### सीधी पब्लिक स्कूल में जन्माष्टमी पर अनोखा आयोजन

**सीधी।** कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सीधी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एक अनोखे और शैक्षणिक खेल का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पौराणिक कालिया नाग की कथा के माध्यम से आज के दौर की सबसे बड़ी चुनौती, यानी प्रदूषण और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। खेल के आयोजन के लिए विद्यालय के मैदान में एक बड़ी नदी का प्रारूप क्रॉसश् पैटर्न में बनाया गया था। खेल में एक छात्र कालिया नाग की भूमिका में था जो आधुनिक प्रदूषण का प्रतीक था। उसके पास तीन अलग-अलग रंगों के कागज थे, जिनमें हरा रंग गीले कचरे को, नीला रंग सूखे कचरे को और लाल रंग खतरनाक कचरे को दर्शाता था।

# सेमरिया में जन्माष्टमी मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित



नवभारत न्यूज

**सेमरिया 5 सितम्बर। युवा व्यापारी संघ सेमरिया के तत्वाधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर रामगोपाल चौक सेमरिया में विशाल मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम एवं उत्साह के साथ किया गया।**

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, माताएं एवं बहनें शामिल हुईं। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से रामगोपाल चौक का वातावरण भक्तिमय हो गया। मटकी फोड़ कार्यक्रम को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। युवाओं की टोली ने एक-दूसरे के ऊपर चढ़कर मटकी फोड़ने का प्रयास किया। काफी प्रयासों के बाद मटकी फोड़ी गई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने जमकर उत्साह मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से फूलचंद गुप्ता, संतोष गुप्ता, जुगुल किशोर गुप्ता, युवा व्यापारी संघ अध्यक्ष रामजी गुप्ता, उपाध्यक्ष रजनिश सोनी, प्रदीप गुप्ता, सागर गुप्ता, सचिन दहिया, कुबेर वर्मा, आदित्य गुप्ता, पंकज गुप्ता सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आध्यात्मिक भाव से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 सितम्बर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सीधी जिला मुख्य सेवा केंद्र स्टेडियम के पास स्थित सेवा केंद्र में जन्माष्टमी पर्व आध्यात्मिक एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया।**

जन्माष्टमी के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए सीधी जिले के सेवा केंद्रों की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि जन्माष्टमी केवल भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव नहीं बल्कि मनुष्य के जीवन में दैवी गुणों एवं श्रेष्ठ संस्कारों के जन्म का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण को सोलह कला संपूर्ण, संपूर्ण पवित्रता, प्रेम, शांति और दिव्य गुणों से युक्त दिखाया गया है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# व्यापारियों के विरोध पर मड़वास थाना प्रभारी अतर सिंह लाइन हाजिर

## दुकान के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर शुरू हुआ विवाद, बाजार बंद कर थाने पहुंचे व्यापारी, एएसपी ने पहुंचकर दी कार्रवाई की जानकारी



नवभारत न्यूज

**मड़वास 5 सितम्बर। जिले के मड़वास थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी और व्यापारियों के बीच हुए विवाद ने शनिवार को तूल पकड़ लिया। किराना व्यवसायी के साथ कथित गाली-गलौज के आरोप के बाद मड़वास के व्यापारियों ने बाजार बंद कर दिया और बड़ी संख्या में थाना परिसर पहुंचकर धरने पर बैठ गए।**

व्यापारियों के विरोध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सीधी ने एडिशनल एसपी कमला जोशी को मड़वास भेजा। मामले की प्रारंभिक जानकारी लेने के बाद उन्होंने व्यापारियों और मीडिया को बताया कि मड़वास थाना प्रभारी अतर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। मामले की शुरुआत किराना व्यवसायी मानिक लाल गुप्ता पिता स्व.अयोध्या प्रसाद गुप्ता की दुकान के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर हुई। व्यवसायी का आरोप है कि इसी बात को लेकर थाना प्रभारी अतर सिंह ने उनके साथ कथित तौर पर गाली-गलौज की। घटना के बाद अन्य व्यापारी भी मौके पर पहुंच गए और मामला बढ़ गया। इसी दौरान मड़वास व्यापारी संघ के अध्यक्ष कपिल गुप्ता और थाना प्रभारी के बीच भी बहस होने की बात सामने आई। घटना से नाराज व्यापारियों ने मड़वास का बाजार बंद कर दिया और थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने का घेराव करने पहुंच गए। विरोध के दौरान कुछ अन्य व्यापारियों ने भी थाना प्रभारी के खिलाफ पूर्व में कथित रूप से हुई घटनाओं को लेकर शिकायतें सामने रखीं। सभी शिकायतों को लेकर संबंधित लोगों ने एएसपी को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

### थाना परिसर में धरने पर बैठे व्यापारी

शनिवार को बड़ी संख्या में मड़वास के व्यापारी थाना परिसर पहुंचे और बाहर ही धरने पर बैठ गए। व्यापारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मामले में हस्तक्षेप किया। एएसपी कमला जोशी मड़वास पहुंचीं और व्यापारियों से चर्चा की। इसके बाद उन्होंने बताया कि मामले को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी अतर सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### तीन दिन में जांच प्रतिवेदन भेजने के निर्देश

एएसपी कमला जोशी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच एसडीओपी को सौंप दी है। बताया गया कि जांच के बाद 3 दिवस में प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल थाना प्रभारी अतर सिंह को लाइन हाजिर किए जाने के बाद व्यापारियों के विरोध का तत्काल समाधान होता नजर आ रहा है। हालांकि अन्य शिकायतों की जांच और उसके बाद होने वाली कार्रवाई पर सभी की नजर बनी हुई है।

### इनका कहना है

मड़वास बाजार में आज व्यापारी और अन्य लोग इकट्ठा हुये थे। उनके इकट्ठा होने का उद्देश्य थाना प्रभारी के आचरण को लेकर था। उनकी शिकायत का ज्ञापन हमने ले लिया है। उनकी मुख्य मांग थी कि दो दिन के अंदर जांच हो और थाना प्रभारी को लाइन अटैच किया जाय।

**कमला जोशी, एएसपी सीधी**